7 नवंबर, 2023

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन 2024 के बजट की प्रक्रिया की शुरूआत कर रही है

*ब्रैम्पटन के निवासियों और कारोबारों को अपनी राय देने के लिए आमंत्रित किया जाता है*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के मेयर के पहले बजट के हिस्से के तौर पर, निवासियों और कारोबारों को अपना फीडबैक साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिटी, रहने, विकसित होने और निवेश करने के लिए सर्वश्रेष्ठ जगहों में से एक है। कम्युनिटी फीडबैक, ब्रैम्पटन के 2024 के बजट को बेहतर बनाने हेतु मदद में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

2024 के बजट की प्रक्रिया के लिए, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), काउंसलर्स और स्टाफ, इस बात को बेहतर ढंग से समझने के लिए, कई तरह के पब्लिक भागीदारी के अवसरों का आयोजन करेगा कि ब्रैम्पटन के निवासियों, कारोबारों, कम्युनिटी ग्रुपों और लोकल स्टेकहोल्डर्स के लिए कौन-सी चीज सबसे अधिक मायने रखती है।

**अपनी राय देने के लिए तारीखें याद रखें**

*ब्रैम्पटन बिजनेस वर्चुअल राउंडटेबल (Brampton Business Virtual Roundtable)*

मंगलवार, 21 नवंबर, 2023
सुबह 9:30 बजे

रजिस्टर करने के लिए, कृपया यहां क्लिक करें (please click here)।

*टेलीफोन टाउन हॉल (Telephone Town Hall)*

मेयर पैट्रिक ब्राउन और सिटी का स्टाफ, टेलीफोन टाउन हॉल का आयोजन करेगा, जिसमें निवासियों को कम्युनिटी प्राथमिकताएं साझी करने, सवाल पूछने और विचार पेश करने का अवसर दिया जाएगा, जब ब्रैम्पटन के 2024 का बजट तैयार किया जा रहा है।

मंगलवार, 21 नवंबर, 2023
शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक

कॉल प्राप्त करने हेतु साइन अप करने और सुनने के लिए, कृपया यहां क्लिक करें (please click here)।

निवासी, ऑनलाइन यहां (online here) भी सुन सकते हैं।

*वार्ड कॉफी चैट्स (Ward Coffee Chats)*

ड्रॉप-इन स्टाइल कॉफी चैट के लिए मेयर और अपने लोकल एरिया काउंसलर्स से जुड़ें। निवासियों के पास विचार, समाधान और कम्युनिटी प्राथमिकताएं साझा करने का अवसर होगा।

**बुधवार, 22 नवंबर, 2023**

रीजनल काउंसलर्स, माइकल प्लेशी (Michael Palleschi) और नवजीत कौर बराड़ (Navjit Kaur Brar), वार्ड्स 2 और 6 का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं
समय: शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक
स्थान: ग्रेस कैनेडियन रीफॉर्म्ड चर्च, 10301 क्रेडिटव्यू रोड, ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (Grace Canadian Reformed Church, 10301 Creditview Road, Brampton ON) में फेलोशिप हॉल (Fellowship Hall)

**सोमवार, 27 नवंबर, 2023**

रीजनल काउंसलर्स, पॉल विसेंट (Paul Vicente) और रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), वार्ड्स 1 और 5 का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं
समय: शाम 5 बजे से 6:30 बजे तक
स्थान: फैन "डी" फ्लेम रेस्टोरेंट, 30 गिलिंघम ड्राइव, यूनिट 503, ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (Fan "D" Flame Restaurant, 30 Gillingham Drive, Unit 503, Brampton ON)

रीजनल काउंसलर्स, मार्टिन मेडेइरोस (Martin Medeiros) और डेनिस कीनन (Dennis Keenan), वार्ड्स 3 और 4 का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं
समय: शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक
स्थान: चैटटाइम, 150 वेस्ट ड्राइव, यूनिट 101A, ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (Chatime, 150 West Drive, Unit 101A, Brampton ON)

**मंगलवार, 28 नवंबर, 2023**

रीजनल काउंसलर, पैट फोर्टिनी (Pat Fortini) और सिटी काउंसलर, रोड पावर (Rod Power), वार्ड्स 7 और 8 का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं
समय: दोपहर बाद 3 बजे से शाम 4:30 बजे तक
स्थान: मोलिसना बेकरी, 2 फिलॉस्फर्स ट्रेल, ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (Molisana Bakery, 2 Philosophers Trail, Brampton ON)

रीजनल काउंसलर, गुरप्रताप सिंह तूर (Gurpartap Singh Toor) और डिप्टी मेयर और सिटी काउंसलर, हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), वार्ड्स 9 और 10 का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं
समय: शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक
स्थान: माई टी बार, 10960 गोरवे ड्राइव, यूनिट A1, ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (My Tea Bar, 10960 Goreway Drive, Unit A1, Brampton ON)

**ब्रैम्पटन की बजट विकास प्रक्रिया के बारे में**

सिटी की वार्षिक बजट प्रक्रिया, बातचीत और भागीदारी प्रयासों के द्वारा, ब्रैम्पटन के नागरिकों को जोड़ती है, शिक्षित करती है और सूचना देती है। इन प्रयासों में शामिल हैं, टेलीफोन टाउन हॉल्स, कॉफी चैट्स, विज्ञापन, न्यूज रिलीजस, सोशल मीडिया और सिटी की बजट वेबसाइट।

प्रस्तावित बजट, मेयर पैट्रिक ब्राउन द्वारा पेश किए जाने के बाद, बुधवार, 29 नवंबर, 2023 को, सिटी की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

पब्लिक प्रतिनिधि मंडल और काउंसिल चर्चाएं, मंगलवार, 5 दिसम्बर को शुरू होंगी और अंतिम बजट मंजूरी, 13 दिसम्बर, 2023 को होगी।

*द म्युनिसिपल एक्ट, 2001 (The Municipal Act, 2001)*, सिटी के बजट संबंधी अधिकारों और ड्यूटीज का सार देता है, जो अब मेयर को दिए जाते हैं। कानून कहता है,*"विधानों के मुताबिक, काउंसिल का मुखिया, सिटी के लिए प्रस्तावित बजट तैयार करे और सिटी काउंसिल के द्वारा विचार करने के लिए प्रस्तावित बजट सिटी को प्रदान करे।"*

जब मेयर, काउंसिल को प्रस्तावित बजट रिलीज करता है, तो काउंसिल हेतु बजट पर विचार करने के लिए 30-दिनों की अवधि शुरू हो जाती है, जिसके दौरान काउंसिल, मेयर के बजट में सुधार करने के लिए प्रस्ताव ले सकती है। काउंसिल, प्रस्ताव के द्वारा 30-दिनों की अवधि को कम भी कर सकती है। 30-दिनों (या कम की हुई) अवधि समाप्त होने के बाद, यह माना जाता है कि बजट को अपना लिया गया है (यदि बजट में सुधार करने के लिए काउंसिल के कोई प्रस्ताव पास न किए गए हों)।

यदि बजट में सुधार करने के  लिए काउंसिल का प्रस्ताव पास किया जाता है, तो मेयर के पास बजट में सुधार करने वाले काउंसिल के प्रस्ताव के वीटो (रद्द करने का अधिकार) पर विचार करने के लिए 10-दिनों की अवधि होती  है। बजट में सुधार करने वाले काउंसिल के प्रस्ताव के वीटो के लिए मेयर द्वारा लिए गए किसी भी फैसले हेतु, काउंसिल के पास 15-दिन की अवधि होती है, जिसमें वह काउंसिल के सभी मेम्बरों में से दो-तिहाई मेम्बरों के वोट के द्वारा मेयर के वीटो फैसले को रद्द करने पर विचार करती है।

**सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का कार्पोरेट स्ट्रैटजिक प्लान**

इस वर्ष का बजट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के कार्पोरेट स्ट्रैटजिक प्लान 2022-2026 (City of Brampton's Corporate Strategic Plan 2022-2026) की हिमायत करता है, जो छह फोकस क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है:

- शहरी केंद्रों और नेबरहुड्स को विकसित करना,
- संस्कृति और विविधता,
- स्वास्थ्य और भलाई,
- पर्यावरण संबंधी निरंतरता और स्थिरता,
- ट्रांज़िट और कनेक्टिविटी, और
- सरकार और लीडरशिप

स्ट्रैटजिक प्लान (Strategic Plan), जो इस वर्ष के अंत में पब्लिक से साझा किया जाएगा, सिटी के बजटों, मास्टर प्लानों, प्रोजेक्टों, सेवाओं और संसाधनों के लिए संदर्भ तय करता है।

**अतिरिक्त संसाधन**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के 2024 के बजट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.Brampton.ca/budget पर जाएं।

सिटी काउंसिल मीटिंग (City Council Meeting) में पेश होने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन (City of Brampton) | काउंसिल और कमेटियां (Council and Committees) | पब्लिक मीटिंगों में शामिल हों, कमेटी में हिस्सा लें या इससे जुड़ें (Attend public meetings, participate or join a committee) पर जाएं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca